मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16

अनुक्रमांक

नाम ......................

102

# 302(DV)

## 2022

## सामान्य हिन्दी

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 100

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**निर्देश :** i) सम्पूर्ण प्रश्नपत्र **दो भागों – खण्ड 'क'** तथा **खण्ड 'ख'** में विभाजित है ।

ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

### ( खण्ड-क )

1) क) 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन किस युग में हुआ ?

i) भारतेन्दु युग

ii) द्विवेदी युग

iii) शुक्ल युग

iv) शुक्लोत्तर युग । 1





ख) 'संस्कृति के चार अध्याय' पुस्तक के लेखक हैं

i) रामधारी सिंह 'दिनकर'

ii) वासुदेवशरण अग्रवाल

iii) रामवृक्ष बेनीपुरी

iv) विद्यानिवास मिश्र । 1

ग) 'रामचन्द्र शुक्ल' द्वारा लिखा गया निबन्ध है

i) अशोक के फूल

ii) राष्ट्र का स्वरूप

iii) कविता क्या है ?

iv) तुम चन्दन हम पानी । 1

घ) 'अजातशत्रु' किस विधा की रचना है ?

i) जीवनी ii) नाटक

iii) संस्मरण iv) आत्मकथा । 1

ङ) 'अज्ञेय' की रचना है

i) शेखर : एक जीवनी

ii) पृथ्वीपुत्र

iii) विचार प्रवाह

iv) मेरे विचार । 1

(2) क) 'कबीरदास' प्रमुख कवि हैं

i) निर्गुण काव्य धारा के

ii) सगुण काव्य धारा के

iii) प्रगतिवादी काव्य धारा के

iv) प्रयोगवादी काव्य धारा के । 1

ख) 'बिहारीलाल' ने प्रमुख रूप से किस छन्द में रचना की है ?

i) चौपाई ii) दोहा

iii) कुंडलिया iv) सवैया । 1

ग) 'नौका विहार' कविता का सम्बन्ध किस नदी से है ?

i) गंगा ii) यमुना

iii) सरस्वती iv) घाघरा । 1

घ) प्रयोगवादी काव्य धारा के कवि हैं

i) महादेवी वर्मा

ii) सुमित्रानन्दन पंत

iii) निराला

iv) गिरिजा कुमार माथुर । 1





ङ) 'आँसू' काव्य में प्रधान रस है

i) करुण रस

ii) शान्त रस

iii) वीर रस

iv) हास्य रस । 1

3) दिये गये गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 2 = 10

राष्ट्र का तीसरा अंग जन की संस्कृति है। मनुष्यों ने युग-युगों में जिस सभ्यता का निर्माण किया है, वही उसके जीवन की श्वास-प्रश्वास है । बिना संस्कृति के जन की कल्पना कबंधमात्र है । संस्कृति ही जन का मस्तिष्क है। संस्कृति के विकास और अभ्युदय के द्वारा राष्ट्र की वृद्धि सम्भव है। राष्ट्र के समग्र रूप में भूमि और जन के साथ-साथ जन की संस्कृति का महत्वपूर्ण स्थान है ।

i) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए ।

ii) राष्ट्र का तीसरा अंग क्या है ?

iii) राष्ट्र का विकास किसके द्वारा सम्भव है ?

iv) जन का मस्तिष्क क्या है ?

v) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**



https://www.evidyarthi.in/

मुझे मानव-जाति की दुर्दम-निर्मम धारा के हजारों वर्ष का रूप साफ दिखाई दे रहा है । मनुष्य की जीवनी-शक्ति बड़ी निर्मम है । वह सभ्यता और संस्कृति के वृथा-मोहों को रौंदती चली आ रही है । न जाने कितने धर्माचारों, विश्वासों, उत्सवों और व्रतों को धोती-बहाती यह जीवन-धारा आगे बढ़ी है । संघर्षों से मनुष्य ने नयी शक्ति पायी है । हमारे सामने समाज का आज जो रूप है, वह न जाने कितने ग्रहण और त्याग का रूप है ।

i) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए ।

ii) मनुष्य की जीवनी शक्ति कैसी है ?

iii) मनुष्य ने नयी शक्ति किससे पायी है ?

iv) समाज का वर्तमान रूप किसका प्रतिफल है ?

v) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

4. दिये गये पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 2 = 10

मैं नीर भरी दुख की बदली
स्पन्दन में चिर निस्पन्द बसा,
क्रन्दन में आहत विश्व हँसा,
नयनों में दीपक से जलते,
पलकों में निर्झरिणी मचली ।

i) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए ।





ii) कवयित्री ने स्वयं को क्या बताया है ?

iii) किससे आहत होकर विश्व हँसा ?

iv) पलकों में क्या मचली ?

v) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

सावधान मनुष्य ! यदि विज्ञान है तलवार,
तो इसे दे फेंक, तजकर मोह, स्मृति के पार ।
हो चुका है सिद्ध, है तू शिशु अभी अज्ञान,
फूल काँटों की तुझे कुछ भी नहीं पहचान
खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार,
काट लेगा अंग तीखी है बड़ी यह धार ।।

i) पाठ का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए ।

ii) कवि मनुष्य को सावधान क्यों कर रहा है ?

iii) विज्ञान को तलवार क्यों कहा है ?

iv) मनुष्य को किस चीज की पहचान नहीं है ?

v) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

5. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों के नाम लिखिए : (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द)

$3 + 2 = 5$

i) डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी

ii) प्रो० जी० सुन्दर रेड्डी

iii) डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम ।

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए : ( अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द )

$3 + 2 = 5$

i) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

ii) जयशंकर प्रसाद

iii) मैथिलीशरण गुप्त ।

6. 'बहादुर' **अथवा** 'ध्रुव-यात्रा' कहानी की कथावस्तु का सार लिखिए । ( अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द ) 5





7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी **एक** खण्ड के **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : ( अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द ) 5

i) 'श्रवणकुमार' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**अथवा**

'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखिए ।

ii) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के सर्वश्रेष्ठ स्त्री पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**अथवा**

'रश्मिरथी' के कथानक पर प्रकाश डालिए ।

iii) 'मुक्तियज्ञ' की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

'मुक्तियज्ञ' के नायक का चरित्रांकन कीजिए ।

iv) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**अथवा**

'सत्य की जीत' की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।



https://www.evidyarthi.in/

1 v) 'आलोक-वृत्त' खण्डकाव्य के आधार पर गाँधीजी के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए ।

**अथवा**

'आलोक-वृत्त' खण्डकाव्य के आधार पर असहयोग आन्दोलन की किसी एक घटना का वर्णन कीजिए ।

vi) 'त्यागपथी' की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए ।

**अथवा**

'त्यागपथी' के आधार पर 'हर्षवर्द्धन' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**( खण्ड-ख )**

8. (क) दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी **एक** का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2 + 5 = 7

संस्कृतस्य साहित्यं सरसं, व्याकरणञ्च सुनिश्चितम्। तस्य गद्ये पद्ये च लालित्यं, भावबोधसामर्थ्यम्, अद्वितीयं श्रुतिमाधुर्यञ्च वर्तते । किं बहुना चरित्रनिर्माणार्थं यादृशीं सत्प्रेरणा संस्कृतवाङ्मयं ददाति न तादृशीं किञ्चिदन्यत । मूलभूतानां मानवीय गुणानां यादृशी विवेचना संस्कृत साहित्ये वर्तते नान्यत्र तादृशी ।

**अथवा**





महामनस्विनः मदनमोहन मालवीयस्य जन्म प्रयागे प्रतिष्ठित परिवारेऽभवत् । अस्य पिता पं० ब्रजनाथ मालवीयः संस्कृतस्य सम्मान्यः विद्वान आसीत् । अयं प्रयागे एव संस्कृत पाठशालायाम् राजकीय विद्यालये म्योर सेंट्रल महाविद्यालये च शिक्षां प्राप्य अत्रैव राजकीय विद्यालये अध्यापनम् आरब्धवान् । युवकः मालवीयः स्वकीयेन प्रभावपूर्ण भाषणेन जनानां मनांसि अमोहयत् ।

(ख) दिये गये श्लोकों में से किसी **एक** का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2 + 5 = 7

न चौरहार्यं न च राजहार्यं
न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि
व्यये कृते वर्द्धत एव नित्यं
विद्या धनं सर्व धनं प्रधानम् ।

**अथवा**

सुखार्थिनः कुतो विद्या कुतो विद्यार्थिनः सुखम् ।
सुखार्थी व त्यजेत विद्यां विद्यार्थी वा त्यजेत् सुखम् ।।

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी **एक** का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) अक्ल का दुश्मन ।

(ii) गागर में सागर भरना ।

(iii) हाथ पीले करना ।

(iv) मुँह फुलाना ।

10. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए :

(i) 'पुस्तकालयः' का सही सन्धि-विच्छेद है

(अ) पुस्तक + आलयः

(ब) पुस्तका + लयः

(स) पुस् + तकालयः

(द) पूस्तक + आलयः । 1





(ii) 'तथेति' का सही सन्धि-विच्छेद है

(अ) तथा + इति

(ब) तथ् + इति

(स) तथा + इती

(द) तथाई + ति । 1

(iii) 'नायकः' का सही सन्धि-विच्छेद है

(अ) नै + अकः

(ब) नाय + कः

(स) ने + अकः

(द) ना + यकः । 1

(ख) दिये गये निम्नलिखित शब्दों की 'विभक्ति' और 'वचन' के अनुसार सही विकल्प का चयन कीजिए :

(i) 'आत्मनि' शब्द में विभक्ति और वचन है

(अ) सप्तमी विभक्ति, एकवचन

(ब) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन

(स) पंचमी विभक्ति, बहुवचन

(द) तृतीया विभक्ति, द्विवचन । 1



https://www.evidyarthi.in/

(ii) 'नामसु' शब्द में विभक्ति और वचन है

(अ) सप्तमी विभक्ति, बहुवचन

(ब) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन

(स) पंचमी विभक्ति, द्विवचन

(द) तृतीया विभक्ति, बहुवचन । 1

11. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ का चयन करके लिखिए :

(i) अविराम-अभिराम –

(अ) लगातार और रुचिकर

(ब) बिना रोक के और सुन्दर

(स) सुन्दर और आकर्षक

(द) आकर्षक और सुन्दर । 1

(ii) स्वर्ण-सवर्ण –

(अ) सोना और अच्छा रंग

(ब) सुनार और सोना

(स) सोना और चाँदी

(द) सोना और उच्च जाति । 1





(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द के दो सही अर्थ लिखिए : 1 + 1 = 2

(i) कर्ण

(ii) काल

(iii) अर्क ।

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक 'शब्द' का सही चयन करके लिखिए :

(i) जो जीता न जा सके –

(अ) अजेय

(ब) अमर

(स) अजर

(द) अक्षय । 1

(ii) रास्ता दिखाने वाला –

(अ) पथ प्रदर्शक

(ब) ज्ञानी

(स) जानकार

(द) सर्वज्ञ । 1

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 1 + 1 = 2

(i) अनेकों लोगों ने गंगा में स्नान किया ।

(ii) एक गिलास गर्म गाय का दूध दीजिए ।

(iii) गौतम की पत्नी का नाम अहिल्या है ।

(iv) मैं हस्ताक्षर कर दिया है ।

12. (क) 'वीर' रस **अथवा** 'श्रृंगार' रस का लक्षण सहित एक उदाहरण लिखिए । https://www.upboardonline.com

(ख) 'श्लेष' अलंकार **अथवा** 'उपमा' अलंकार की परिभाषा लिखते हुए एक उदाहरण लिखिए ।

1 + 1 = 2

(ग) 'दोहा' छन्द **अथवा** 'कुंडलिया' छन्द का लक्षण और एक उदाहरण लिखिए । 1 + 1 = 2

13. सफाई व्यवस्था हेतु उचित अधिकारी को एक पत्र लिखिए । 2 + 4

**अथवा**

अपने विद्यालय के पुस्तकालय की समस्या के निराकरण हेतु प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए ।





14. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए : 2 + 7

(i) भारतीय किसानों की समस्याएँ और समाधान

(ii) जीवन में खेल का महत्व

(iii) जीवन में पर्यावरण की आवश्यकता

(iv) नई शिक्षानीति से विकास की संभावनाएँ

(v) विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन का महत्व ।

**302(DV) – 2,42,000**



https://www.evidyarthi.in/